>

Title: Regarding the importance of Taj mahal, Agra.

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया है । मैं आगरा से शुरूआत करके जौनपुर तक जाऊंगा, कृपया मुझे दो मिनट बोलने का समय दें ।

माननीय अध्यक्ष : श्याम जी, इसमें तो चार घंटे लग जाएंगे ।

आगरा देश का एक बहुत ही ऐतिहासिक और टूरिस्ट स्पॉट है और एक बहुत बड़ा शहर है । मेरा आगरा और आगरा के लोगों से बड़ा जुड़ाव है, क्योंकि मैं वहां पर साढ़े तीन साल म्युनिसिपल कमिश्नर के पद पर रहा था । मैं आगरा की महत्ता के बारे में हकीकत बयान करना चाहता हूं । जब मैं वर्ष 2005 में बेलग्रेड में इंडियन शूटिंग टीम के कोच के मैनेजर के रूप में गया था, तो मेरे साथ एक लेडी लाइज़न आफिसर के रूप में थी । वह मुझसे पूछती हैं कि आप किस कंट्री से आए हैं, तो मैंने कहा कि मैं इंडिया से आया हूं । वह इंडिया के बारे में नहीं जानती थी । मैंने कहा कि आप पाकिस्तान को जानती हैं, बांग्लादेश को जानती हैं, लेकिन वह कुछ नहीं जानती थी । मुझे बड़ा ताज्जुब हुआ और बड़ा दुख भी हुआ कि वह इंडिया को नहीं जानती है । मैंने उससे पूछा कि आपने ताजमहल के बारे में सुना है, तब वह बहुत खुश हो गई और उसने किस तरह से मेरा वार्म वेलकम किया था, वह मैं इस आवाम में नहीं बता सकता हूं ।… (व्यवधान) महोदय, मैं अपनी बात को एक मिनट में समाप्त कर दूंगा ।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : वह ताजमहल को जानती थी, इसलिए भारत को जानती थी । आप बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)